भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 4048

बुधवार, 17 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्टार्टअप की स्थापना

4048. श्री चन्द्र प्रकाश चौधरीः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में सबसे बड़े स्टार्टअप बेस में विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के लिए विदेशी कंपनियों को आमंत्रित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसकी क्या प्रमुख विशेषताएं हैं;

(ख) झारखंड सहित उन राज्यों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है जहां इन स्टार्टअप्स के आरंभ होने की संभावना है;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों में स्थापित स्टार्टअप्स का ब्यौरा क्या है और इससे राज्य-वार कितना रोजगार सृजित हुआ है; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में सभी राज्यों में रोजगार के समान अवसर सृजित किए जाएं, इसे सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्यमंत्री
(श्री सोम प्रकाश)

(क): स्टार्टअप इंडिया ग्लोबल वेंचर कैपिटल समिट 2018 दुनिया भर के निवेशकों हेतु भारत के विविध बाजार और परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी नवप्रयोग प्रदर्शित करने के लिए दिनांक 6 और 7 दिसंबर 2018 को गोवा में आयोजित किया गया था। यह ग्लोबल फंड मैनेजर्स, लिमिटेड पार्टनर्स, भारत सरकार के अधिकारियों और अग्रणी स्टार्टअप्स का एक अद्वितीय समारोह था। इसमें विचार-विमर्श निवेशक-अनुकूल विनियमों द्वारा अत्याधुनिक (कटिंग एज) प्रौद्योगिकियों के माध्यम से भारत के विशाल और विविध बाजार मुद्रीकरण की विशाल प्रतिफल-क्षमता पर केंद्रित था।

(ख) से (घ): स्टार्टअप इंडिया पहल का उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्टार्टअप को बढ़ावा देना है। दिनांक 12.07.2019 की स्थिति के अनुसार, इस पहल के अंतर्गत सभी 29 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों के 513 जिलों में 19,874 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। इनमें से, 18,034 स्टार्टअप्स के पास स्व-घोषित रोजगार की सूचना है। स्टार्टअप द्वारा स्व-घोषित सूचना के आधार पर मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स और सृजित रोजगार की राज्य-वार संख्या अनुबंध-I पर दी गई है।

*****

अनुबंध-I

दिनांक 17.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4048 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

स्टार्टअप्स द्वारा स्व-घोषित सूचना के आधार पर राज्य-वार सृजित रोजगार

क्र.सं.	राज्य/संघ शासित प्रदेश	स्टार्टअप इंडिया के अंतर्गत मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या	स्व-रिपोर्ट रोजगार की सूचना देने वाले स्टार्टअप्स की संख्या	स्टार्टअप द्वारा दी गई स्व-रिपोर्ट सूचना के आधार पर कुल रोजगार
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	6	6	42
2	आंध्र प्रदेश	336	307	3,601
3	अरुणाचल प्रदेश	3	3	20
4	असम	140	117	1,615
5	बिहार	261	250	2,562
6	चंडीगढ़	78	64	793
7	छत्तीसगढ़	254	224	2,210
8	दादर और नगर हवेली	4	4	116
9	दमन और दीव	2	1	2
10	दिल्ली	2,616	2,338	27,271
11	गोवा	82	75	677
12	गुजरात	1,013	905	10,506
13	हरियाणा	1,086	992	14,134
14	हिमाचल प्रदेश	39	37	401
15	जम्मू और कश्मीर	86	82	674
16	झारखंड	161	151	957
17	कर्नाटक	2,919	2,649	35,622
18	केरल	879	803	7,539
19	मध्य प्रदेश	546	509	4,705
20	महाराष्ट्र	3,761	3,380	39,771
21	मणिपुर	14	14	119
22	मेघालय	4	4	10
23	मिजोरम	3	3	50
24	नागालैंड	8	6	34
25	ओडिशा	350	321	3,513
26	पांडिचेरी	22	22	257
27	पंजाब	149	131	1,460
28	राजस्थान	551	511	6,105
29	सिक्किम	2	2	8
30	तमिलनाडु	1,031	903	11,689
31	तेलंगाना	1,103	1,020	13,791
32	त्रिपुरा	6	6	268
33	उत्तर प्रदेश	1,607	1,492	15,479
34	उत्तराखंड	163	148	1,329
35	पश्चिम बंगाल	589	554	5,479
	कुल योग	**19,874**	**18,034**	**2,12,809**

*****